<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15.12.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड की मुख्य सचिव ने नीति आयोग द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में दलहन पर प्रदेश की सहभागिता का विशेष रूप से किया उल्लेख।
- खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने राज्य में धान खरीदारी का किया शुभारम्भ, कहा– अधिक से अधिक किसानों को कृषि उत्पाद दिलाने की कोशिश में लगी हुई है राज्य सरकार।
- राज्य के उद्योग और श्रम मंत्री संजय यादव ने कहा– राज्य में उद्योगों को दिया जाएगा बढ़ावा, स्थानीय श्रमिकों का विकास उनकी पहली प्राथमिकता।
- आतंकवाद निरोधी दस्ता और राज्य पुलिस की कार्रवाई में रांची, गिरिडीह और लोहरदगा जिले से दस अपराधी गिरफ्तार, हथियार, गोलियां समेत कई मोबाइल फोन बरामद।
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बोकारो, धनबाद, रामगढ़ और पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर चलने की जताई संभावना, येलो अलर्ट जारी

***************

झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने नीति आयोग द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में दलहन पर प्रदेश की सहभागिता का विशेष रूप से उल्लेख किया। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए। नीति आयोग द्वारा आयोजित यह सम्मेलन बीते शुक्रवार को शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन की आज दूसरे दिन भी अध्यक्षता की। इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच भागीदारी को अधिक मजबूत करना और तेजी से वृद्धि तथा विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करेंगे। श्रोता हमारे टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। आप अपने सुझाव नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी साझा कर सकते हैं। इस कड़ी के लिए सुझाव इस महीने की 27 तारीख तक भेजे जा सकते हैं।

***************

गृहमंत्री अमित शाह ने माओवादियों से हथियार डालने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है। रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में आज श्री शाह ने कहा कि नक्सलियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार संकल्पित है।

***************

खाद्य वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य भर में 60 लाख क्विंटल धान की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को कृषि उत्पाद मिले, इसका राज्य सरकार पूरा ख्याल रख रही है। मंत्री आज जामताड़ा में धान अधिप्राप्ति योजना के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य के दो लाख 33 हजार 258 किसानों को इस योजना के तहत निबंधित किया गया है।

***************

राज्य के उद्योग, कौशल विकास और श्रम मंत्री संजय यादव ने कहा है कि इंडी गठबंधन की सरकार ने विधानसभा चुनाव के वक्त जितने वादे किए थे, उन सबको पूरा किया जाएगा। श्री यादव ने आज देवघर में कहा कि विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों को ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्थानीय श्रमिकों का विकास हो सकेगा।

***************

रांची स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान, आईआईएम आज अपना सोलहवां स्थापना दिवस समारोह मना रहा है। इस मौके पर संस्थान के स्वामी विवेकानंदन प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, के अध्यक्ष डॉ मिनेश सी शाह मुख्य रूप से मौजूद रहे। समारोह में एमबीए के सफल विद्यार्थियों के बीच मेरिट सर्टिफिकेट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने संस्थान की प्राथमिकता के बारे में बताया।

***************

नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में आज खेले गए टीबी मुक्त भारत जागरूकता क्रिकेट मैच में लोकसभा स्पीकर इलेवन ने राज्यसभा चेयरमेन इलेवन को हरा दिया। इस मैच का उद्देश्य तपेदिक के प्रति जागरूकता बढ़ाना और तपेदिक मुक्त भारत को सहयोग प्रदान करना था। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 तक तपेदिक को समाप्त करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख किया।

इधर, इस मैच में गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने तीन विकेट लिए और अच्छे क्षेत्ररक्षण के लिए उन्हें श्रेष्ठ फील्डर का भी अवार्ड प्रदान किया गया।

***************

राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ता, एटीएस ने आज व्यवसाइयों और कोयला कारोबारियों को धमके देने के मामले में विभिन्न गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, लोहरदगा जिले से पुलिस ने विभिन्न लूट कांडों में शामिल तीन अपराधियों और गिरिडीह जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने आज बताया कि ये सभी अपराधी आम लोगों को बैंक अधिकारी बनकर फोन किया करते थे। पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी निजी जानकारी किसी को भी न बताएं।

***************

लोहरदगा स्थित मंडल कारा में आज जेल अदालत सह जागरूकता शिविर के साथ–साथ मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर के बाद जेल में कुल 19 बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डालसा के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जेल के अंदर वैसे बंदियों का विशेष रूप से ख्याल रखा जा रहा है जो 70 साल से अधिक आयु के हैं। इधर, साहेबगंज स्थित मंडल कारा में भी आज जेल अदालत सह बंदी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

***************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बोकारो समेत धनबाद, रामगढ़, गढ़वा, पलामू, चतरा और गुमला में भीषण ठंड पड़ सकती है। इन सभी जिलों के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक तापमान चाईबासा का 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान गढ़वा जिले का चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बढ़ते ठंड़ को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*******समाप्त*******